E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/ 1206 /2026 दिनांक : 17 / 09 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**विषयः सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के समर्थ पोर्टल के माध्यम से कोर्स सेलेक्शन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक स्तर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर, एलएल0बी0 एवं बी0ए0एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह छात्र/छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन करने की तिथि 05.10.2026 तक निर्धारित की गयी है।

अतः आदेशानुसार अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए उनका कोर्स सेलेक्शन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. पी.एम.यू. सेल/प्रभारी, कोडिंग ।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

17/09/26
(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)

# सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के ऑन–लाइन परीक्षा फार्म पूरित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश

सत्र 2026–27 विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षायें दिनांक 14.11.2026 से प्रस्तावित है कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म सब्मिशन करने हेतु पोर्टल खोल दिया गया है। विगत सत्रों में समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फार्म पूरित कराने में महाविद्यालयों द्वारा कई त्रुटियॉ की गयी थी इनमें से प्रमुख त्रुटियॉ निम्नवत् हैः–

1. सत्र 2025–26 की परीक्षाओं में जो कि परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित कराये गये थे, उनमें महाविद्यालयों द्वारा रेगुलर परीक्षा फार्म पूरित करने से पूर्व बैक पेपर के फार्म भर दिये गये थे। बैक पेपर के फार्म का पेमेन्ट कर दिये जाने के बाद रेगुलर फार्म में कोई परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा और न ही यदि कोई बैक पेपर फार्म भरने से छूट गया है तो उसे नहीं भरा जा सकेंगा। अर्थात बैक पेपर का पेंमेन्ट करने से पूर्व प्राचार्य/परीक्षार्थी निश्चित हो लें कि उनके द्वारा रेगुलर फार्म सही से भरा गया है एवं बैक पेपर का कोई भी फार्म भरने से शेष तो नहीं है।
2. महाविद्यालय द्वारा यदि किसी छात्र का परीक्षा फार्म वेरीफाई किया गया तो उसका परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।
3. जमा किये गये परीक्षा शुल्क का स्टेटस समर्थ पोर्टल के Fee Mandate में उपलब्ध Check बटन से अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उसे अपडेट कर सकते है।
4. यदि किसी भी छात्र के परीक्षा आवेदन में Submission के उपरान्त संशोधन की आवश्यकता है तथा Back Paper को कोई भुगतान नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति में महाविद्यालय छात्र के Student Course एवं परीक्षा फार्म दोनों में संशोधन अवश्य करें तथा आवेदन के उपरान्त परीक्षा फार्म को पुनः Verify करना होगा।

17/09/26 17/9/2026